फैक्स/सरकारी ई-मेल के माध्यम से

प्रापक:- सभी अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के संयुक्त सहायक निदेशक/स्टेशन अधीक्षक

प्रेषक - सहायक निदेशक (राजभाषा), स.नि.पु.बेतार मुख्यालय
संख्या- ए. 20011/74/2020-हिन्दी, दिनांक 27/08/2020 अवर्गीकृत

हिंदी पखवाड़ा 2020 का आयोजन (.) मुख्यालय एवं सभी अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों में इस वर्ष 01 सितम्बर 2020 से 14 सितम्बर 2020 तक हिंदी पखवाड़ा मनाया जाएगा (.) सभी केन्द्र प्रभारियों से अनुरोध है कि वे अपने-अपने केन्द्रों में इस अवधि में हिंदी पखवाड़ा मनाए (.) कोविड-19 महामारी को देखते हुए इस दौरान हिंदी प्रतियोगिताओं/कार्यक्रमों को यथासंभव ऑनलाइन के माध्यम से सामाजिक दूरी का ध्यान रखते हुए आयोजित करवाएं (.) इस अवधि के दौरान अधिक से अधिक सरकारी कार्य हिंदी में निष्पादित करना सुनिश्चित करें (.) कोविड-19 महामारी के कारण उत्पन्न स्थिति एवं भारत सरकार, व्यय विभाग द्वारा खर्च में किए गए प्रतिबंधों के आलोक में सक्षम अधिकारी ने इस वर्ष प्रत्येक केन्द्र को हिंदी पखवाड़ा के आयोजन के लिए रूपए 1000/- की राशि खर्च करने की सैद्धांतिक मंजूरी दी है (.) कृपया हिंदी पखवाड़ा के आयोजन के उपरांत खर्च की गयी राशि (अधिकतम रूपए 1000/-) के बिल की तीन प्रति हिंदी पखवाड़ा की विस्तृति रिपोर्ट के साथ दिनांक 30 सितम्बर 2020 तक मुख्यालय में अग्रेषित करना सुनिश्चित करें (.) कृपया अनुपालन सुनिश्चित करें/-

---

28.8.2020
(डॉ. आर के सिंह)
सहायक निदेशक (राजभाषा)

प्रतिलिपि:-

सहायक निदेशक (आई.टी.) : कृपया निदेशालय की वेबसाइट के सर्कुलर भाग पर अपलोड करने हेतु।